आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 20.01.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- भारत ने वर्ष 2025 में 47 अरब डॉलर का रिकॉर्ड इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात लक्ष्य हासिल किया।
- प्रदेश में "जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" कार्यक्रम के तहत अब तक एक लाख 75 हजार से अधिक नागरिकों को लाभान्वित किया गया।
- बागेश्वर में जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान में शिक्षकों की तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ।
- पौड़ी पुलिस ने जिले में सीसीटीवी की उपलब्धता, कार्यशीलता और रिकॉर्डिंग व्यवस्था की चेकिंग के लिए अभियान शुरू किया।

<u>इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात</u>

भारत ने 2025 में 47 अरब डॉलर का रिकॉर्ड इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात हासिल किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि देश में लगभग 30 अरब डॉलर तक स्मार्टफोन के निर्यात से प्राप्त हुए। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स देश का तीसरा सबसे बड़ा निर्यात है। उन्होंने कहा कि 2015 से इलेक्ट्रॉनिक निर्यात में 11 गुना वृद्धि हुई है। श्री वैष्णव ने बताया कि महिलाओं की बढ़ती भागीदारी तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए अवसरों तथा युवाओं के दीर्घकालिक कौशल विकास के साथ 25 लाख नए रोजगार सृजित हुए हैं।

<u>जन–जन की सरकार</u>

"जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" कार्यक्रम के तहत प्रदेश के सभी जिलों में बहुउद्शीय शिविर लगाए जा रहे हैं। इनके माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान उनके द्वार पर ही सुनिश्चित किया जा रहा है। "जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" कार्यक्रम के तहत प्रदेशभर में अब तक 395 शिविर आयोजित किए गए, जिनमें 3 लाख 22 हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। इन शिविरों में प्राप्त 32 हजार से ज्यादा शिकायतों में से 22 हजार से अधिक का निस्तारण किया जा चुका है। शिविरों के दौरान विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्रों और अन्य शासकीय सेवाओं के लिए 43 हजार 418 आवेदन प्राप्त हुए। वहीं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से एक लाख 75 हजार से अधिक नागरिकों को सीधे लाभान्वित किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि "जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता के साथ सरकार के विश्वास का सेतु है।

इस पहल ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब सरकार स्वयं जनता के द्वार तक पहुंचती है, तो न केवल समस्याओं का समाधान होता है, बल्कि शासन के प्रति जनविश्वास भी मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का यह अभियान उत्तराखंड में सुशासन की एक नई कार्य संस्कृति को स्थापित कर रहा है, जिसमें संवाद, समाधान और सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

वनाग्नि

अल्मोड़ा जिले के सिमतोला, चितई, कसार देवी, विन्सार, सोमेश्वर, रानीखेत और द्वाराहाट के कई वन क्षेत्रों में आग लगी हुई है। जिला अग्निशमन सेवा विभाग और ग्रमीणों के सहयोग से आग बुझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रभागीय वनाधिकारी दीपक सिंह ने कहा कि बारिश न होने के कारण वनाग्नि की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। उन्होंने बताया कि वन विभाग की टीम भी आग बुझाने में जुटी है और वनाग्नि की घटनाओं को देखते हुए अतिरिक्त फायर वॉचर्स की तैनाती की गई है। उन्होंने कहा कि सभी वन चौकियों को निर्देश दिए गए हैं कि अगर कोई भी व्यक्ति जंगलों में आग लगाता पाया गया, तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

प्रशिक्षण

बागेश्वर में जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान– डाइट और भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, पुणे के सहयोग से शिक्षकों की तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू हो गई है। कार्यशाला में जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए विज्ञान और गणित की 60 शिक्षक और शिक्षिकाएँ भाग ले रहे हैं। शिक्षकों को गणित में प्रयोगात्मक व गतिविधि आधारित शिक्षण, डिजिटल उपकरणों व शैक्षिक तकनीक का उपयोग, गणित और विज्ञान के आपसी संबंध तथा कक्षा–कक्ष में नवाचार लागू करने की रणनीतियों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। डाइट बागेश्वर के प्राचार्य मनोज कुमार पांडे ने कहा कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में गणित शिक्षण को नवाचारपूर्ण, तार्किक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से जोड़ना बहुत जरूरी है। इसलिए यह कार्यशाला आयोजित की जा रही है।

वहीं, प्रशिक्षण में शामिल शिक्षक रीमा ने बताया कि समूह गतिविधियों, प्रायोगिक अभ्यास और प्रस्तुतीकरण सत्रों के माध्यम से शिक्षकों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया जा रहा है, जिससे वे अपने शिक्षण कौशल को और अधिक प्रभावी बना सकें।

पुलिस चेकिंग अभियान

पौड़ी पुलिस ने जिले में अपराध नियंत्रण और जन–सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से चेकिंग अभियान शुरू किया है। इसके तहत पुलिस टीमें ज्वेलर्स शॉप, प्रमुख व्यापारिक प्रतिष्ठानों, दुकानों और बैंकों में चेकिंग कर वहां सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता, उनकी कार्यशील स्थिति, रिकॉर्डिंग व्यवस्था, कैमरों की दिशा व कवरेज क्षेत्र की बारीकी से जांच कर रही है।

पुलिस का कहना है कि कैमरों की उपलब्धता और क्रियाशीलता से किसी भी आपराधिक घटना की स्थिति में त्वरित व प्रभावी कार्रवाई की जा सकती है। जिन प्रतिष्ठानों या बैंकों में सीसीटीवी कैमरे लगे नहीं पाए गए, उन्हें सुरक्षा की दृष्टि से अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए कहा जा रहा है। इसके अलावा अभियान के दौरान पहले से लगे कैमरों को हमेशा क्रियाशील अवस्था में रखने और पर्याप्त अवधि तक का रिकॉर्ड सुरक्षित रखने के निर्देश भी दिए जा रहे हैं।

<u>हल्द्वानी नगर निगम</u>

हल्द्वानी नगर निगम की बैंणी सेना ने राजस्व वसूली के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए नगर निगम की आय में इजाफा किया है। बीते एक माह के भीतर बैंणी सेना द्वारा 35 लाख रुपये से अधिक की वसूली की गई है, जिससे नगर निगम के राजस्व को मजबूती मिली है। आयुक्त परितोष वर्मा ने पूर्व में आयोजित बैठक में बैंणी सेना को डोर–टू–डोर कूड़ा उठान शुल्क वसूली को लेकर स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किए गए थे। इन्हीं लक्ष्यों के तहत बैंणी सेना ने पूरे नगर निगम क्षेत्र में सघन अभियान चलाया और बेहतर परिणाम हासिल किए। वर्तमान में बैंणी सेना हल्द्वानी नगर निगम के सभी 60 वार्डों में डोर–टू–डोर कूड़ा उठाने का कार्य कर रही है। नगर निगम प्रशासन ने कूड़ा संग्रह शुल्क का भुगतान न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश भी जारी किए हैं। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि आने वाले समय में वसूली अभियान को और तेज किया जाएगा, ताकि स्वच्छ हल्द्वानी के साथ ही नगर निगम की आर्थिक स्थिति को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।